# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन

पंतनगर। 31 अक्टूबर 2025। विश्वविद्यालय में लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा स्टेडियम से गाँधी पार्क तक राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दौड का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाताओं, निदेशकों, शिक्षकों, अधिकारियों, स्टाफ कर्मियों, विद्यार्थियों, छात्रावास अभिरक्षकों, अभिरक्षिकायें सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों द्वारा उक्त दौड़ में प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरान्त लौह पुरुष के महान कार्यो को वर्णित किया तथा उनके आर्दशों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उक्त दौड़ का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. एन.के. सिंह, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी, डा. एच.एस. पपोला, डा. जी.एस. बोहरा एवं शारीरिक शिक्षा अनुभाग के समस्त कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया तथा श्री के. पी. सिंह द्वारा उक्त आयोजन का संचालन किया। उक्त दौड़ के प्रतिभागियों हेतु सूक्ष्म जल–पान की व्यवस्था गाधी पार्क में अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा प्रदान की गयी।

